आज मेरे घर आये बाबा खुशियों वाली रात है लिरिक्स

आज मेरे घर आये बाबा,
खुशियों वाली रात है,
कीर्तन की रात है,
बाबा जी साथ है।bd।

तर्ज – वाह वाह क्या बात है।

श्याम सुनेंगे तेरे दिल की,
दुनिया काम ना आएगी,
दुनिया से जो कहेगा मन की,
तेरी हंसी उड़ाएगी,
आज बतादे बाबा को तू,
जो तेरे हालात है,
कीर्तन की रात है,
बाबा जी साथ है।bd।

कितने तेरे यारे प्यारे,
कितना बड़ा परिवार तेरा,
काम श्याम ही आएंगे,
देख के बाबा प्यार तेरा,
दूर नहीं हैं बाबा तुझसे,
हरदम तेरे पास है,
कीर्तन की रात है,
बाबा जी साथ है।bd।

आज श्याम के दर्शन करने,
भक्त अनेको आए है,
भोली भक्तों के संग मिलकर,
भजन रसीले गाये है,
शीश झुका लो श्रद्धा से तुम,
ये दीनो के नाथ है,
कीर्तन की रात है,
बाबा जी साथ है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी आपके मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com
आज मेरे घर आये बाबा,

खुशियों वाली रात है,
कीर्तन की रात है,
बाबा जी साथ है।bd।

Singer – Muskan Rajput

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com